Gram : University

Ph. 2570301
Fax : 2570006

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

Ref No.: CSJMU/P&P / 674 (3) /2009 Dated : 07.12.2009

क्रमांक... मूल्य रू0 200/-

निविदा प्रपत्र

विश्वविद्यालय के परीक्षा रिकार्ड विभाग की लगभग '600' नामांकन पुस्तको की बाइंडिग एवं परीक्षा विभाग के लगभग '600' चार्टो की बाइंडिग हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22.12.2009 को अपराह्न 2:00 बजे तक सहा0 कुलसचिव (पी0पी0) के कक्ष मे सील बंद लिफाफे मे प्राप्त की जायेगीं लिफाफे के ऊपर **बाइंडिग हेतु निविदा** अंकित किया जाये। यह निविदा उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे सभागार कक्ष में निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र की शर्ते निम्नवत हैं।

1. 'क'– नामांकन पुस्तको की बाइंडिग हेतु दर प्रति बुक ....
   'ख'– परीक्षा विभाग के चार्टो की बाइंडिग हेतु दर प्रति चार्ट...
2. नामांकन बुक के प्रत्येक फार्म पर दो स्थानों पर मशीन से नम्बरिंग होगी तथा नीचे लगी हुई स्लिप फाडकर अलग करके 300–300 फार्मो को एकत्रित करके करना होगा। यह कार्य कार्यालय में ही करना होगा। तैयार पुस्तक का आकार 11''X 8'' होगा।
3. प्रत्येक नामांकन पुस्तक में 300 पृष्ठ होंगे अगर किसी फार्म के साथ माइग्रेशन लगा हो तो उसे चस्पा करना होगा।
4. नामांकन पुस्तक के कोना तथा पुस्ता(पीठ) उच्च कोटि के लेदर की होगी तथा शेष भाग में मजबूत रंगीन बाइंडिग क्लाथ प्रयुक्त करना होगा। इसी प्रकार परीक्षा विभाग के चार्टो की बाइंडिग मे मजबूत रंगीन बाइंडिक क्लाथ प्रयुक्त करना होगा।
5. नामांकन बुक की बाइंडिग के लिये मजबूत पीली पक्की दफ्ती 2.5 पौण्ड की प्रयुक्त करनी होगी।
6. नामांकन बुक की पीठ के ऊपरी भाग में डाई द्वारा सुनहरी नम्बरिंग (नामांकन संख्या, पुस्तक संख्या व वर्ष) करना होगा।
7. निविदा के साथ दफ्ती, उच्च कोटि का लेदर तथा बाइडिंग क्लाथ का नमूना संलग्न करना होगा।
8. निविदा देने के पूर्व उक्त पुस्तको एवं चार्टो के नमूने कार्यालय के कार्य दिवसो मे देखे जा सकते है।
9. उपरोक्त कार्य हेतु 2000.00(दो हजार रू0) के धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट, जो कि वित्त अधिकारी छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर के पक्ष मे देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। धरोहर राशि वि0वि0 के कैश काउन्टर में भी जमा की जा सकती है।

फर्म का नाम एवं पूर्ण पता ....

दूरभाष सं0 ....

संलग्न सुरक्षा धनराशि का विवरण..

निविदा दाता के हस्ताक्षर व तिथि..

कुलसचिव